अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2024
## (गणित)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 0.6 × 0.4 का मान है— **(1)**

(A) 24 (B) 0.024

(C) 0.24 (D) 2.4

**2.** वह संख्या ज्ञात कीजिए जिसका 24 प्रतिशत 96 है— **(1)**

(A) 200 (B) 100

(C) 400 (D) 300

**3.** दो समान्तर रेखाओं को एक तिर्यक रेखा द्वारा काटने पर तिर्यक रेखा के एक ओर के अन्तः कोण होते हैं— **(1)**

(A) कोटिपूरक (B) सम्पूर्ण

(C) वृहत (D) सम्पूरक

**4.** किस संख्या में 3 का स्थानीय मान सबसे कम है— **(1)**

(A) 32450 (B) 4340

(C) 1130 (D) 143

**5.** क्रमागत दो पूर्णांकों का अन्तर होता है— **(1)**

(A) -1 (B) 1

(C) 0 (D) -0

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** रेखाखण्ड किसे कहते हैं? **(1)**

**7.** (-8) × (+75) × 0 का मान बताइए। **(1)**

**8.** मोहन एक माला बनाने में 1/3 मिनट का समय लेता है। लगातार एक घंटे में वह कितनी माला बना लेगा? **(1)**

**9.** पटरी और परकार की सहायता से 60° का कोण बनाइए। **(1)**

**10.** तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या की उत्तरवर्ती संख्या लिखिए। **(1)**

**11.** 117 को दो संख्याओं के गुणा के रूप में व्यक्त कीजिए, जिसमें एक संख्या 13 है। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** एक बगीचे की लम्बाई 115 मीटर तथा चौड़ाई 45 मीटर है, तो बगीचे को चारों ओर घेरने के लिए कितने मीटर तार की आवश्यकता होगी? **(2)**

**13.** भुजाओं के आधार पर त्रिभुजों का वर्गीकरण कीजिए। **(2)**

**14.** एक दुकानदार ने ₹1500 का कोट 25% छूट देकर बेचा। बताइए कोट कितने में बेचा? **(2)**

**15.** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 5 और 175 हैं। यदि दो संख्याओं का अनुपात 5 : 7 है, तो बड़ी संख्या का मान बताइए। **(2)**

**16.** व्यंजक x **(2)**

**17.** विजातीय व्यंजक किसे कहते हैं? **(2)**

**18.** अजय के घर से बाजार 11.5 किमी दूर है। इसी रास्ते पर उसका विद्यालय बाजार से 1.25 किमी दूर है। अजय के घर से विद्यालय की दूरी बताइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/ganit/2024

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/ganit/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN